तेंदुऐ के शावक को प्राथमिक उपचार हेतु वि.वि. के स्कूल ऑफ वाईल्ड लाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर में लाया गया

आज दिनांक 23.07.2022 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रो.एस.पी.तिवारी को सूचना मिली कि सिहोरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बनखेड़ी–इंद्राना में तेंदुए का शव एक खेत पर देखा गया है, इस परिपेक्ष्य में उन्होंने स्कूल ऑफ वाईल्ड लाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर की संचालिका डॉ. शोभा जावरे को सूचित किया कि संभवतः तेंदुए के शावक को प्राथमिक उपचार हेतु सेंटर में लाया जायेगा आप अपने वन्यप्राणी स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम को तैयार करिये। तदानुसार प्राथमिक उपचार की तैयारी हेतु संचालिका के निर्देशानुसार डॉ. के.पी. सिंह, डॉ. देवेंद्र पोधाडे, डॉ. अमोल रोकड़े एवं पी. जी. छात्रों को सूचित किया गया। रेस्क्यू टीम के रेंज ऑफिसर जे.डी. पटैल ने जानकारी दी कि उन्हें लगभग सुबह 6–10 बजे सूचना प्राप्त हुई थी कि, बनखेड़ी गाँव में सड़क के किनारे एक खेत पर तेंदुए का लगभग 5–6 माह का शावक देखा गया है, जिसे ग्रामीणों द्वारा उसे भगाने के प्रयास करन के कारण वह थककर खेत में छुपा है। इंद्राना रेंज के रेंजरने 6–7 अपने वन रक्षकों के साथ सूचना पाते ही उस खेत पर पहुँचे और उस तेंदुए के शावक को सूती साड़ी उढ़ाकर पकड़ा तथा उसके पिछले पैर बाँध कर रेस्क्यू स्क्वाड को सूचना दी कि शावक काफी डरा सहमा है और उसके मुँह से खून निकल रहा है, जिसे

प्राथमिक उपचार की आवश्यकता है। जबलपुर की रेस्क्यूटीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए इस तेंदुए के शावक को लगभग 9:30 बजे स्कूल ऑफ वाईल्ड लाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर में लाया जहाँ वन्य प्राणी स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने उसका परीक्षण किया और पाया कि शावक स्ट्रेस और एग्रेशन में है तथा एक्स–रे और गहन परीक्षण के दौरान इस के शरीर के सभी अंग प्रत्यंगों का मुआयना किया गया और यह पाया गया कि इस के ऊपरी जबड़े का एक कॉर्निसल दाँत टूटा है तथा इस की जीभ भी कटी पाई गई है, जिसका उपचार किया जा रहा है। संपूर्ण परीक्षण के दौरान वन विभाग के रेस्क्यू स्क्वायड की टीम के एस.डी.ओ. मुकेष पटैल, डिप्टी रेंजर गुलाब सिंह और एन.जी.ओ. से धनंजय तथा रत्नेश का सहयोग सराहनीय रहा। यह समाचार लिखे जाने तक तेंदुआ शावक की हालत में सुधार हो रहा है और यदि सब कुछ ठीक रहा तो इसे जल्द ही वन विभाग को सौंप दिया जावेगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि. ,जबलपुर